<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 04.11.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना मूसानगर पुलिस द्वारा मु.अ.स-60/13 धारा 3/8 गोबध अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त श्रीपत पुत्र शिवप्रसाद निवासी क्योटंरा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात(एनबीडब्लू/) को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 127/1986 धारा 394 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त .बालिस्टर उर्फ रमेशचन्द्र पुत्र स्व0 श्री मौजीलाल यादव उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम मुरादपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात (एनबीडब्लू/इनामिया-15000 रुपये) को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना रनियां पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों 1. राशिद खान पुत्र महमूद खान निवासी रायपुर कुकहट थाना रनियां उम्र 37 वर्ष 2. शहनवाज खान पुत्र रहीश खान निवासी रायपुर कुकहट थाना रनियां उम्र करीब 22 वर्ष के द्वारा हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलना एवं मालफड बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0- 204/2026 धारा- 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 23 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना देवराहट पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रूरा पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 11 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों व थाना शिवली पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।